पत्रिका

**सफेद जहर का पर्दाफाश: नकली दूध फैक्ट्री पर छापा, स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में 1000 लीटर जहरीला दूध जब्त**



**कोटपूतली-बहरोड़.** जिले की कोटपूतली विधानसभा के जाहिदपुरा पंचायत के नांगड़ीवास गांव में उस वक्त हडक़ंप मच गया जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक नकली दूध फैक्ट्री पर छापा मारकर 1000 लीटर मिलावटी दूध जब्त किया। दूध नहीं ये एक तरह का जहर था, जिसे लोग हर सुबह भरोसे के साथ अपने बच्चों को पिलाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई इस छापेमारी ने मिलावटखोरी के गोरखधंधे की पोल खोल दी है। मौके पर पाउडर, वनस्पति तेल और केमिकल्स की मदद से तैयार हो रहा था नकली दूध, जिसे शाहपुरा की लॉट्स डेयरी में सप्लाई किया जा रहा था।
कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस ऑपरेशन का नेतृत्व सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, फूड नोडल अधिकारी शशिकांत शर्मा और बीसीएमओ पूरण रहीसा ने किया।
डॉ. शेखावत ने बताया कि इस मिलावटी दूध में डिटरजेंट, सिंथेटिक पाउडर और वनस्पति तेल जैसे जहरीले रसायन मिलाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद घातक हैं। इससे पेट की बीमारियों से लेकर लीवर, किडनी फेलियर और कैंसर तक का खतरा होता है।

**जांच जारी, और भी खुलासों की संभावना**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संकेत दिए हैं कि इस नेटवर्क से जुड़ी और कडिय़ों की जांच जारी है। आने वाले दिनों में और खुलासे हो सकते हैं। यह सिर्फ मिलावट नहीं बल्कि धीमा जहर है जो हमारे घरों तक पहुंचाया जा रहा था। अब वक्त है ऐसी फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कड़ी सजा का।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/raid-on-factory-1000-liters-of-poisonous-milk-seized-19554521